संख्या-88/2017/2100/22-2-2016-17(87)/2006

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 **लखनऊ: दिनांक 07 फरवरी, 2017**

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी बलराम सिंह पुत्र श्री पुत्तू सिंह, निवासी जनपद-शाहजहांपुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-38309/प्रोबेशन-3 (एम-13-10-2016) दिनांक-26-10-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र दिनांक 26-10-2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी बलराम सिंह पुत्र श्री पुत्तू सिंह, निवासी ग्राम-सिहरामऊ दक्षिणी, थाना-सिहरामऊ दक्षिण, जनपद-शाहजहांपुर का निवासी है। बन्दी ने दिनांक 03.03.1976 की सायं लगभग 04:00 बजे 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वासुदेव नामक व्यक्ति की तमंचे, लाठी-डंडे से मार कर हत्या कर दी एवं विजय वर्मा, रघुराज और रमाशंकर नामक व्यक्ति को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-296/1976 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302, 323/149 में मा0 चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाहजहांपुर के आदेश दिनांक 30-08-1977 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय में योजित अपील में मा0 उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 21.01.1987 द्वारा मा0 सत्र न्यायालय के निर्णय को यथावत रखा। बन्दी द्वारा दिनांक 07.10.2016 तक 19 वर्ष 04 माह 07 दिन की अपरिहार तथा 25 वर्ष 08 माह 15 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल में आचरण संतोषजनक है। बन्दी के 05 सहअभियुक्त हैं। बन्दी के 02 सहअभियुक्त कारागार में निरूद्ध हैं, 01 सहअभियुक्त दोषमुक्त तथा 02 सहअभियुक्त कारागार से रिहा हो चुके हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा, बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने की सम्भावना प्रतीत होने, बन्दी के अपराध करने में अशक्त न होने, बन्दी को आगे कारागार में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति सामान्य होने व बन्दी की समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड ने अंकित किया है कि बन्दी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वासुदेव नामक व्यक्ति की तमंचे, लाठी डंडे से मारकर निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी एवं विजय वर्मा, रघुराज और रमाशंकर नामक व्यक्ति को घायल कर जघन्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

अपराध कारित किया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी बलराम सिंह पुत्र श्री पुत्तू सिंह, निवासी जनपद- शाहजहांपुर को फार्म'ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- इसी प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट पिटीशन सं0-20412(एम0/बी0)/2016 में मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 30-08-2016 के अनुपालन तथा उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी बलराम सिंह (बन्दी संख्या-34173) पुत्र श्री पुत्तू सिंह, निवासी जनपद-शाहजहांपुर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-88/2017/2100(1)/22-2-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद-शाहजहांपुर।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।

3- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्ंया-88/2017/2100@22-2-2016-17(87)/2006

दिनांक 07 फरवरी, 2017 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध बन्दी बलराम सिंह (बन्दी संख्या-34173) पुत्र श्री पुत्तू सिंह, निवासी ग्राम-सिहरामऊ दक्षिणी, थाना-सिहरामऊ दक्षिण, जनपद-शाहजहांपुर का निवासी है। बन्दी ने दिनांक 03.03.1976 की सायं लगभग 04:00 बजे 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वासुदेव नामक व्यक्ति की तमंचे, लाठी-डंडे से मार कर हत्या कर दी एवं विजय वर्मा, रघुराज और रमाशंकर नामक व्यक्ति को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-296/1976 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302, 323/149 में मा0 चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाहजहांपुर के आदेश दिनांक 30-08-1977 को आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय में योजित अपील में मा0 उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 21.01.1987 द्वारा मा0 सत्र न्यायालय के निर्णय को यथावत रखा। बन्दी द्वारा दिनांक 07.10.2016 तक 19 वर्ष 04 माह 07 दिन की अपरिहार तथा 25 वर्ष 08 माह 15 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल में आचरण संतोषजनक है। बन्दी के 05 सहअभियुक्त हैं। बन्दी के 02 सहअभियुक्त कारागार में निरूद्ध हैं, 01 सहअभियुक्त दोषमुक्त तथा 02 सहअभियुक्त कारागार से रिहा हो चुके हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा, बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने की सम्भावना प्रतीत होने, बन्दी के अपराध करने में अशक्त न होने, बन्दी को आगे कारागार में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति सामान्य होने व बन्दी की समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड ने अंकित किया है कि बन्दी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वासुदेव नामक व्यक्ति की तमंचे, लाठी डंडे से मारकर निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी एवं विजय वर्मा, रघुराज और रमाशंकर नामक व्यक्ति को घायल कर जघन्य अपराध कारित किया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी बलराम सिंह पुत्र श्री पुत्तू सिंह, निवासी जनपद- शाहजहांपुर को फार्म'ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in